# स्वतंत्रता दिवस पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

## श्री जय प्रकाश द्विवेदी

## का

# संदेश

## 15 अगस्त, 2025

कोल इण्डिया
Coal India
A MAHARATNA COMPANY

5 DECADES OF UNEARTHING ENERGY

## वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
## नागपुर



# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का संदेश

मेरे साथी निदेशक गण, CVO WCL, संचालन समिति एवं कल्याण मंडल के सभी सदस्य, समस्त विभागाध्यक्ष एवं Team WCL के सभी साथी, आदरणीय महिलाएं, सज्जनों तथा प्यारे बच्चों!

सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

दशकों तक चली आजादी की लड़ाई के बाद 15 अगस्त 1947 को आजाद भारत का सफर शुरू हुआ। अर्थव्यवस्था बिखरी हुई थी। कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को व्यवस्थित करना था। मूलभूत जरूरतों तक का अभाव था। ऐसे में देश को प्रगति के मार्ग पर प्रशस्त करना बड़ी चुनौती थी। पर हमारे भारत देश की तासीर कुछ ऐसी है कि जितनी बड़ी बाधाएं सामने होंगी, भारत उतना ही सशक्त होकर उभरेगा। आज हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। अनगिनत चुनौतियों और कठोर परिश्रम से होते हुए सफलता का परचम लहराने तक का ये सफर उम्मीद जगाता है कि अब यह लक्ष्य भी दूर नहीं।

स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर हम उन सभी वीर स्वतंत्रता सेनानियों को दिल की गहराइयों से याद करते है, जिन्होंने आजादी की लड़ाई लड़ी और जिनकी बदौलत हमें एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्था विरासत में मिली।

मित्रों, देश जिस गति से प्रगति का रास्ता तय कर रहा है, ऊर्जा की आवश्यकता उसी रफ्तार से बढ़ रही है, परिणाम स्वरूप कोयले की मांग भी तेज गति से बढ़ रही है। हम संकल्पित हैं देश की कोयला आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए और इस दिशा में हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं। मुझे आपसे साझा करते हुए हर्ष हो रहा है कि हमने इस वित्तीय वर्ष में 10.08.2025 तक 20.98 MT कोयला उत्पादन किया है। इसी प्रकार इसी अवधि के लिए 105.94 मिलियन क्यूबिक मीटर्स OB निष्कासन तथा 23.10 MT कोयला डिस्पैच किया है। यहाँ से हमें अपनी गति को बढ़ाना होगा, तभी हम अपने वार्षिक लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे। यहाँ से हमारा संकल्प दृढ़ और परिश्रम अविराम होना चाहिए।

मुझे आपसे साझा करते हुए हर्ष हो रहा है कि हमने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान अपनी स्थापना से लेकर अब तक का सर्वोच्च कर पूर्व लाभ (Profit Before Tax) दर्ज किया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में वेकोलि ने 4375.55 करोड़ का कर पूर्व लाभ अर्जित किया, जो कि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 4.64% अधिक है। यह सब आप सबके साझा प्रयासों से ही संभव हो सका है। अच्छी बात यह भी है कि हम संपूर्ण नागपुर रीजन के सबसे बड़े कर दाता भी है। हमने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कुल 4,010 करोड़ रुपये का कर भुगतान किया, जिसके लिए 'GST दिवस 2025' के अवसर पर वेकोलि को विशेष अवार्ड से सम्मानित किया गया।

कोयला खनन में सुरक्षा सर्वोपरि है। वही कार्य सफल है जो सुरक्षा के साथ किया जाए। इस दृष्टि से हमने 5 भूमिगत खदानों में पर्यावरण टेलीमॉनिटरिंग सिस्टम (ETMS) क्रियान्वित किए है। यह प्रणाली वास्तविक समय में निगरानी तथा खदान सुरक्षा को सुदृढ़ करेगी। इस प्रणाली को Integrated Command and Control Centre (ICCC) के साथ एकीकृत किया गया हैं ताकि CO, $CH_4$, $O_2$, तापमान और वायु वेग जैसे महत्वपूर्ण मापदंडों की निरंतर मोनिटरिंग की जा सके।

सुरक्षा एवं उत्पादकता की वृद्धि के लिए समयानुसार तकनीकी उन्नयन आवश्यक हैं। ब्लास्ट फ्री खनन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, वर्तमान में, वेकोलि में 07 सरफेस माइनर एवं 03 कन्टिन्यूअस माइनर कार्यरत है। वर्ष 2027-28 तक 04 अतिरिक्त कन्टिन्यूअस माइनर उपलब्ध कराने हेतु लेटर ऑफ ऐक्सेप्टन्स (LoA) जारी किया गया है। जल्द ही 2 और सरफेस माइनर तथा योजनाबद्ध अंतराल में 18 कन्टिन्यूअस माइनर लगाए जाएंगे।

पर्यावरण संरक्षण के साथ ही कोयला प्रेषण की प्रक्रिया में गति लाने का हमारा प्रयास है। हर्ष का विषय है कि 30.06.2025 से उमरेड क्षेत्र के मकरधोकड़ा–III में FMC प्रोजेक्ट operationalise हो गया है। वणी क्षेत्र की मुंगोली खदान तथा बल्लारपुर क्षेत्र की सास्ती खदान में भी फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट का कार्य किया जा रहा है। मुझे विश्वास है कि मुंगोली खदान में FMC प्रोजेक्ट का कार्य इसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण होगा। इन परियोजनाओं से कार्य में निश्चित ही दक्षता बढ़ेगी।

पर्यावरण संरक्षण वेकोलि की प्राथमिकता रही है। स्थाई विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए, वर्ष 2025–26 में, अब तक, हमने 66.6 हेक्टेयर भूमि पर 1.3 लाख पौधों का रोपण किया है। कोयला मंत्रालय द्वारा संचालित 'वृक्षारोपण अभियान 2024 एवं 2025' तथा 'एक पेड़ माँ के नाम' में वेकोलि का महत्वपूर्ण सहभाग रहा।

व्यावसायिक बांस रोपण के लिए भी वेकोलि ने कदम बढ़ाए है। महाराष्ट्र बांबू विकास मंडल, महाराष्ट्र सरकार के साथ एमओयू के तहत उमरेड क्षेत्र के मकरधोकड़ा–III ओसी खदान की 30 हेक्टेयर भूमि पर तथा एकीकृत इंदर–कामटी खुली खदान के 43 हेक्टेयर भूमि पर, बांस का रोपण किया जा रहा है। इस से, हमें एमओयू की अवधि के दौरान वित्तीय लाभ भी अर्जित होगा।

कोयला खनन के लिए पर्यावरणीय तथा वन स्वीकृति आवश्यक है। इस दिशा में भी हम आगे बढ़े है। इस वित्तीय वर्ष में हमें भटाडी खुली खदान के लिए 2 MTPA तथा गौरी–पौनी एक्सपांशन खुली खदान के लिए 3.50 MTPA क्षमता की पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसी प्रकार वन स्वीकृति में भी हमारा कार्य काफी अच्छा रहा है। जनवरी से अब तक हमें कुल 06 स्टेज–I वन स्वीकृति तथा दुर्गापुर खुली खदान के लिए वाइल्डलाइफ क्लीयरेंस प्राप्त हुआ है।

Critical Minerals/Rare Earth Minerals के क्षेत्र में भी हम आगे बढ़ने के प्रयास कर रहे है। हमारी खुली खदानों में इस प्रकार के खनिज के पहचान के लिए elemental analysis करने हेतु कार्य आदेश जारी किया गया है। माह जून, 2025 में अदासा यूजी टू ओसी खदान से यह कार्य प्रारंभ हो चूका है।

कोयला खनन के लिए भूमि अत्यंत आवश्यक है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में हमने कुल 924.47 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की। इस दौरान, भूमि के एवज में, हमने कुल 655 युवाओं को रोजगार दिया। इसी प्रकार वर्ष 2025–26 में जुलाई माह तक हमने 615.72 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया है। इस दौरान हमने भूमि की एवज में कुल 349 युवाओं को रोजगार दिया है।

खदानों से सारा कोयला निकालने के पश्चात आवश्यक है कि हम उसे अच्छी स्थिति में इस प्रकृति को सौंप दे। इसके लिए Mine Closure Plan के सभी प्रावधानों का अनुपालन आवश्यक है। आप से साझा करते हुए मुझे हर्ष हो रहा है कि गत वर्ष तीन भूमिगत खदानें - PK 1, PK 2 और satpuda 2 के बाद इस वित्तीय वर्ष में दो भूमिगत खदानें न्यू माजरी–III एवं अदासा यूजी को प्रावधानों के पूर्ण अनुसरण के साथ बंद किया गया है। गर्व की बात है कि वेकोलि कोल इंडिया लिमिटेड की एक मात्र कंपनी है जिसने यह उपलब्धि हासिल की है। आगे 07 और खदानों को बंद करने के लिए वेकोलि बोर्ड द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है।

कंपनी के future Sustainability के लिए आवश्यक है कि हम नई संभावनाएं तलाशे। इस वित्तीय वर्ष में अभी तक वेकोलि बोर्ड द्वारा 03 प्रोजेक्ट रिपोर्ट स्वीकृत किए गए है। इस में टाकली जेना खुली खदान, निलगांव खुली खदान एवं एकीकृत उकनी पिमपलगांव एक्सपांशन खुली खदान, कुल 8.5 MTY क्षमता की परियोजनाओं का समावेश है।

हमारे कर्मियों के कल्याण के लिए कंपनी द्वारा कई योजनाएँ क्रियान्वित की जाती है। Scholarship, Tution Fee reimbursement, खेल तथा सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आदि का आयोजन किया जाता है। मैं विशेष उल्लेख करना चाहूँगा इस वर्ष के योग दिवस का। योग दिवस के अवसर पर वेकोलि में 114 स्थानों पर कुल 7070 प्रतिभागियों ने योगाभ्यास कर यह दिवस मनाया। इस से योग तथा स्वास्थ्य के प्रति निश्चित ही जागरूकता बढ़ी है।

हम ने, हाल ही में, अत्याधुनिक अस्पताल प्रबंधन प्रणाली SWASTH (Smart Wellness & Assistance System for Treatment & Health) का शुभारंभ किया है। यह प्रणाली, चिकित्सा सेवाओं को डिजिटल रूप से एकीकृत कर सुलभ एवं प्रभावी बनाती है। वेकोलि के सिस्टम्स एवं मेडिकल विभाग द्वारा विकसित यह प्रणाली, कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनियों में अपनी तरह की पहली प्रणाली है। इस प्रणाली से सभी को चिकित्सा सेवाओं में लाभ मिलेगा।

वेकोलि सीएसआर के तहत आस-पास के क्षेत्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में हम ने सीएसआर बजट को पूर्व वित्तीय वर्ष की तुलना में 276% बढ़ाकर 52.52 करोड़ रुपए किया। वर्ष 2024-25 में जहाँ वेकोलि का वैधानिक दायित्व 36.99 करोड़ रुपए था, वहीं कंपनी ने सीएसआर के मद में 52.51 करोड़ रुपए के समाजोन्मुख कार्य किए। यह निर्धारित लक्ष्य का 141% है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सीएसआर बजट को गत वर्ष की तुलना में 35% बढ़ाकर 55.94 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के सीएसआर Annual Action Plan के अंतर्गत 10 फ्लैगशिप प्रोजेक्ट्स पर कार्य किया जाएगा। इन में प्रोजेक्ट तराश, सुश्रुत, प्रगति, नन्हा सा दिल, पोषित, संदीप, सौदामिनी, पंच तत्त्व, अमृत सरोवर एवं पंख शामिल है। हाल ही में शुरू किए गए प्रोजेक्ट सौदामिनी के अंतर्गत महिलाओं के स्व-सहायता समूहों को National Urban Livelihood Mission के अंतर्गत आजीविका सहायता प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार प्रोजेक्ट संदीप के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं को रक्षा सेवाओं में रोजगार हेतु तैयार किया जाएगा। हमारे फ्लैगशिप प्रोजेक्ट तराश के अंतर्गत 326 स्कूलों से चयनित 40 विद्यार्थियों का तृतीय बैच आरंभ हो गया है। ऐसे कई सीएसआर कार्यों के जरिए हम समाज के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयत्नशील है।

इस वित्तीय वर्ष में हमने सीएसआर कार्यों के क्रियान्वयन के लिए अब तक 19 एमओयू किए है। इनसे विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन को गति मिलेगी।

बेहतर कार्य-निष्पादन के लिए कर्मियों का समुचित प्रशिक्षण आवश्यक है। इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 7138 कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। इस का सकारात्मक प्रभाव कार्य में साफ परिलक्षित होता है।

परियोजना प्रभावित व्यक्तियों एवं आस-पास के बेरोजगार युवाओं के लिए समुचित प्रशिक्षण के माध्यम से कौशल विकास का हमारा प्रयास रहता है। इस वित्तीय वर्ष में कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 930 युवाओं को विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण देने की योजना है, जिनमें से 190 युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है।

ऐसी कई पहल की गई है। कई सकारात्मक काम हुए हैं, जिसका समावेश एक संवाद में कर पाना संभव नहीं। मुझे विश्वास है कि इन सभी कार्यों का प्रभाव लक्ष्य प्राप्ति में निश्चित तौर पर दिखेगा और हम अपने इस साल के कोयला उत्पादन, कोयला प्रेषण और ओबी निष्कासन के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे।

मैं,सभी खनिकों,अधिकारियों,कर्मचारियों, श्रमिक संघ के पदाधिकारी गण, कंपनी के निदेशक गण, CVO और अन्य अंशधारक, जो वेकोलि को सफलता के शिखर पर ले जाने में अपना योगदान दे रहे हैं, सभी को धन्यवाद देता हूँ। एक बार फिर सभी को सपरिवार स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

आपका

ज.प्र. द्विवेदी

नागपुर
15 अगस्त, 2025

जय प्रकाश द्विवेदी
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक